<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल ने मुम्बई से फोन करके श्री मुलायम सिंह को बधाई दी

लखनऊ: 22 नवम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद, श्री मुलायम सिंह यादव को मुम्बई से फोन करके उनके 76वें जन्मदिन की बधाई दी। राज्यपाल मुम्बई में एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने गये थे, जहां ग्राम सतपति जिला पालघर में मछुवारा समुदाय द्वारा राज्यपाल का अभिनन्दन व सत्कार समारोह का आयोजन किया गया था।

राज्यपाल ने श्री मुलायम सिंह को फोन पर बधाई देते हुए उनके शतायु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि श्री सिंह स्वस्थ एवं सक्रिय रहकर उत्तर प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण मार्ग दर्शन करते रहें।